तापमान
अधिकतम 25.1 डिग्री
न्यूनतम 6.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025

12 यातायात नियमों की पालना के लिए छात्राओं ने ली शपथ

12 बाल भवन का निर्माण जल्द होगा पूरा


## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर चुराई हजारों की नगदी



**पिहोवा।** पुरानी सब्जी मंडी स्थित सब्जी व फल विक्रेता की दुकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए की नगदी व डिवीर चुरा ले गए। पुलिस में दर्ज शिकायत में दुकान मालिक तेजपाल निवासी गांव अरुणाय ने कहा कि उसकी पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी व फ्रूट की दुकान है। 27 जनवरी की रात्रि वह अपनी दुकान का ताला लगाकर घर गया था। 28 जनवरी की सुबह करीब 5 बजे उसके भतीजे ने फोन पर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर चेक करने पर पाया कि चोर दुकान से करीब 7 हजार रुपए की नगदी व सीसीटीवी कैमरे की डिवीर चुरा ले गए है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव शेखपुरा निवासी जगपाल सिंह के अनुसार उनके चाची सरोज(42) पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। वीरवार को सुबह सुबह उसकी चाची ने कमरे में फंदा लगा लिया। सरोज के पति राजेंद्र ने जब सरोज को फंदे पर लटका पाया तो परिवार में हर कोहराम मच गया। जिसको सुनकर परिवार वाले व आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए।और सरोज को फंदे से नीचे उतारा गया।परिजनों की माने तो उसे समय सरोज की कुछ सांसे चली हुई थी। सरोज को इलाज के लिए करनाल कल्पना चावला में ले गए लेकिन जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# देश की प्राचीनतम पवित्र सरस्वती नदी थी, है और हमेशा बहती रहेगी : भारती

## मुख्यमंत्री के ओएसडी ने अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव की अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- ओएसडी भारत भूषण भारती ने सरस्वती नदी की पत्रिका का किया विमोचन

मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि पवित्र एवं प्राचीनतम सरस्वती नदी लाखों वर्षों से भारत की धरा पर सरस्वती नदी थी, सरस्वती नदी है और सरस्वती नदी हमेशा बहती रहेगी। इस पवित्र नदी के किनारे ही पूरे विश्व को शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसलिए भारत को विश्व गुरु कहा गया था। उनका मानना है कि भारत आज भी विश्व गुरु है और हमेशा विश्व गुरु रहेगा। ओएसडी भारत भूषण भारती वीरवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड व विश्वविद्यालय सरस्वती शोध संस्थान के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले ओएसडी भारत भूषण भारती, बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, बोर्ड के सीईओ कुमार सुप्रवीण, उपायुक्त नेहा सिंह, कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति करतार सिंह धीमान, वाईस चेयरमैन एसके गखड़, शोध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर एआर चौधरी, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, अतिरिक्त निदेशक एके गुप्ता, एसई अरविंद कौशिक ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके 1 फरवरी तक चलने वाली राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ किया।



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस को संबोधित करते मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान ओएसडी भारत भूषण भारती ने सरस्वती नदी का सनातन काल से सभ्यता और संस्कृति विजन पर एक पत्रिका का विमोचन भी किया। इस दौरान पुरातत्व विभाग की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। ओएसडी भारत भूषण भारती ने महान व्यक्तित्व मोरोपंथ पिंगले, पदमश्री दर्शन लाल जैन जैसे लोगों द्वारा पवित्र नदी सरस्वती और भारतीय इतिहास और सभ्यता पर किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की स्थापना की गई। इस बोर्ड ने वर्ष 2015 से वर्ष 2025 तक 10 साल के सुनहरे कार्यकाल में पवित्र सरस्वती नदी पर शोध किया गया और इस नदी के किनारे पर्यटन और धार्मिक स्थलों को विकसित करने का कार्य किया गया। इस कार्यकाल में ही वैज्ञानिक दृष्टि से साबित किया गया कि सरस्वती नदी प्राचीन काल से थी है और हमेशा रहेगी।

### लाखों वर्ष पुरानी सरस्वती नदी आज भी धरा पर विराजमान

उन्होंने कहा कि विश्व भर के वैज्ञानिकों और लोगों का यह भ्रम भी टूट चुका है कि सरस्वती नदी कभी नहीं थी, लेकिन वैज्ञानिकों ने तथ्यों के आधार पर साबित कर दिया है कि लाखों वर्ष पुरानी सरस्वती नदी आज भी धरा पर विराजमान है। पुरातत्व विभाग ने भी अपनी खोज में कुनाल, राखीगढ़ी जैसे पुरातात्विक स्थलों को पवित्र सरस्वती नदी के साथ जोड़ा गया है। यह तथ्य आज पूरे विश्व के सामने है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही पवित्र सरस्वती नदी पर निरंतर शोध, विकास और पर्यटन के क्षेत्र के लिए कार्य किए जा रहे है। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप ही इस वर्ष आदि बद्री से लेकर सरस्वती तीर्थ और अन्य जिलों और राज्यों में भी सरस्वती महोत्सव को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन तीन दिन के सेमिनार में देश और विदेश के जाने माने वैज्ञानिक सरस्वती नदी पर चिंतन मंथन करेंगे और इसके सार्थक परिणाम सामने आएंगे जोकि भावी पीढ़ी को देश के इतिहास, संस्कृति और संस्कारों के साथ जोड़ने का काम करेंगे।

### धरोहर के साथ सरस्वती के शोध पर बनाया जाएगा संग्रहालय

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण के सुझाव के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से धरोहर संग्रहालय के साथ ही पवित्र नदी सरस्वती पर किए गए शोध, विकास पर एक संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा।

### पिपली में भव्य संग्रहाल का निर्माण किया जाएगा

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि वर्ष 2007 से पदमश्री दर्शन लाल जैन के सानिध्य में सरस्वती नदी पर वैज्ञानिक दृष्टि से शोध का कार्य शुरू किया गया था। जिसके आज पूरे विश्व के सामने सार्थक परिणाम सामने आ चुके है। सरकार के प्रयासों से व्यासपुर से लेकर सिरसा तक 400 किलोमीटर के दायरे में सरस्वती नदी के साथ चौतांग, टांगरी, घग्गर सहित अन्य नदियों को जोडकर पानी चलाने का काम किया जा चुका है। सरकार के प्रयासों से आदि बद्री के पास सोमनदी पर डैम व बैराज बनाया जा रहा है। इसके साथ ही 350 एकड़ में रिजवाह भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से हर गांव में सरस्वती नदी को लेकर समितियों का गठन किया गया है। इस सरकार ने 45 घाटों का निर्माण किया है, 3 रिजवाह बन चुके है और 3 रिजवाह पर कार्य चल रहा है। इसके साथ ही पिपली में रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। यहां पर एक भव्य और ऐतिहासिक संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा।

# कनाड़ा भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 13 लाख 70 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने 18 लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

कनाड़ा भेजने के नाम पर गांव लवाना निवासी देवी दयाल से 13 लाख 70 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप आरडी गुरप मोहाली के संचालक राकेश रिखी, प्रभा रिखी, मनराज, दीपक अरोड़ा, शेरखान, गुरप्रीत सिंह, इंद्र जीत सिंह, अहमद, एकता, राखी, जसबीर, कर्ण, हेमंत, गौतम, रूही, अनुरित, अमित व बलजीत पर लगा है। देवी दयाल अपने लड़के संदीप कुमार को कनाड़ा भेजना चाहता था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव लवाना निवासी देवी दयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का संदीप कुमार रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। मई 2021 में उसके लड़के के पास इंस्टाग्राम के माध्यम से रूही का फोन आया। आरोपी ने बताया कि उनका मोहाली में आरडी ग्रुप के नाम से कार्यालय है। वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। आरोपी ने उसे अपने कार्यालय में मिलने के लिए बुलाया। देवी दयाल ने बताया कि उसका लड़का आरोपियों से मिलने के लिए मोहाली उनके कार्यालय में गया। जहां पर उसे आरडी गुरप के संचालक राकेश रिखी, प्रभा रिखी व अन्य सभी आरोपी मिले। आरोपियों ने उसे बताया कि वह उसे रोजगार के लिए कनाड़ा भेज देंगे। जहां पर वह अच्छे पैसे कमा सकता है। उन्होंने काफी युवाओं को विदेश में भेजा हुआ है। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे कनाड़ा भेजने के नाम पर 13 लाख 70 हजार रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें अलग-अलग करके 13 लाख 70 हजार रुपये दे दिए। आरोपियों ने जल्द ही उसे कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# बाल मजदूरी रोकने के लिए दुकानदारों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला टास्क फोर्स ने बाल मजदूरी को रोकने के लिए कुरुक्षेत्र के खेड़ी मारकंडा रोड और मोहन नगर की मार्किट में जाकर दुकानदारों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती इंदु शर्मा,बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण पंचाल,मेंबर जोगिंदर रता लेबर से इंस्पेक्टर पवन कुमार, मानव तस्करी निरोधक इकाई से अएसआई राजतिलक सिंह और अएसआई संजीव कुमार, सिटी थाने से सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार और एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला सह संयोजक रामलाल सिरसल ने दुकानों पर जाकर जागरूक किया। दुकानदारों ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। ऐसे जागरूक कार्यक्रम प्रत्येक गांव में चलाए जाने चाहिए।



बाल मजदूरी को रोकने के लिए कुरुक्षेत्र के खेड़ी मारकंडा रोड और मोहन नगर की मार्केट में जाकर दुकानदारों को जागरूक करते जिला टास्क फोर्स । फोटो : हरिभूमि

ताकि समाज को ऐसी कुरीतियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला टास्क फोर्स बाल मजदूरी पर कार्य कर रही है, इसके लिए यह बधाई की पात्र हैं। दुकानदारों ने कहा कि वे भरपूर प्रयास करेंगे कि अपने शहर व आसपास के गांव की दुकानों पर कोई 18 साल से कम का बच्चा काम न करे। जिला टास्क फोर्स का पूरा सहयोग करेंगे। जिला टास्क फोर्स ने कहा कि बाल मजदूरी समाज के लिए अभिशाप है।

# कोर्ट में तैनात क्लर्क की रेल की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल रेलवे स्टेशन पर आज एक दर्दनाक हादसे में सेना से रिटायर जवान कृष्ण लाल की मौत हो गई द्य मृतक इस समय इंद्री कोर्ट में क्लर्क के रूप में कार्यरत था। हादसे के वक्त कृष्ण लाल को बचाने की कोशिश करने वाला व्यक्ति भी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेन की स्पीड इतनी तेज थी कि सम्भलने का मौका ही नहीं मिला और कृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई। थाना जीआरपी के जांच कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया कि सुबह के समय शाने पंजाब एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर खड़ी हुई थी जैसे ही सवारियाँ ट्रेन में से उतरने लगी तभी एक सवारी गलत साइड से उतरकर लाइन पार करने लगा तभी दूसरी तरफ से शताब्दी एक्सप्रेस आ रही थी। ट्रेन ने उस दौरान हॉर्न भी बजाए लेकिन व्यक्ति को सुनाई नहीं दिया और शताब्दी ट्रेन की चपेट में आ गया एक अन्य व्यक्ति ने मृतक को आवाज लगाकर रोकने का प्रयास भी किया लेकिन ट्रेन से टकराने के बाद उसी व्यक्ति से टकरा गया जिनमे एक व्यक्ति कृष्ण लाल की मौके पर मौत हो गई और बचाने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जांच कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया मृतक की पहचान कृष्ण लाल के रूप में हुई है जो मयूर विहार सोनीपत का रहने वाला है और इंद्री कोर्ट में क्लर्क के पद पर तैनात था मृतक को बचाने वाले दूसरे व्यक्ति का कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है घायल व्यक्ति अपने साथियों के साथ श्री हरमिंदर साहब माथा टेकने जा रहा था ।

# अंतरराष्ट्रीय पावन सरस्वती नदी सम्मेलन सरस्वती के स्वरूप को समझने में सहायता करेगा: जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सम्मेलन के लिए कुरुक्षेत्र के सांसद ने शुभकामना संदेश भेजा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सीनेट हाल में सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रिसर्च ऑन सरस्वती रिवर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावन सरस्वती नदी सम्मेलन के लिए कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने शुभकामना संदेश भेजा। इस ऐतिहासिक एवं शोधपरक आयोजन के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, आयोजकों एवं सभी विद्वानों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरस्वती नदी केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि हमारे इतिहास, संस्कृति और आस्था की जीवनरेखा रही है। यह ज्ञान, समृद्धि और सभ्यता का प्रतीक मानी जाती है, जिसका उल्लेख वेदों और प्राचीन ग्रंथों में मिलता है है। आधुनिक शोध और वैज्ञानिक अध्ययनों के माध्यम से इस पौराणिक नदी के अस्तित्व को नए दृष्टिकोण से देखने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय पावन सरस्वती नदी सम्मेलन के माध्यम से हमें सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, भूगर्भीय और सांस्कृतिक पहलुओं पर गहन चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

# चाइना डोर के स्टोरेज, बिक्री, खरीद व इस्तेमाल पर जिलाधीश ने लगाया प्रतिबंध

**यमुनानगर।** चाइनीज मांझा (डोर) के इस्तेमाल से होने वाले खतरों को मद्देनजर रखते हुए जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने जिले में चाइना डोर को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिलाधीश ने यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार जिले में चाइनीज मांझा (डोर) के भंडारण, बिक्री, खरीद और इस्तेमाल पर सख्त पाबंदी रहेगी। जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार के आदेशों के अनुसार किसी अवसर पर चाइना डोर से पतंग उड़ाने व चाइनीज मांझा (डोर) से अन्य गतिविधियों से मानव जीवन को होने वाले खतरे को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए किए गए हैं। चाइनीज मांझा (डोर) का उपयोग पक्षियों, जानवरों और इंसानों के लिए घातक है तथा पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। यह कदम आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्रीय आम बजट सभी के लिए कल्याणकारी होना चाहिए

# केंद्रीय आम बजट से लोगों को हैं खास उम्मीदें

रिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को लोकसभा में केंद्रीय आम बजट पेश किया जाना है। जिसे लेकर लोगों को खास उम्मीदे हैं। किसान, व्यापारी, कर्मचारी, युवा वर्ग व गृहणियों समेत सभी वर्ग चाहते हैं कि केंद्रीय आम बजट सभी के लिए कल्याणकारी होना चाहिए। इस संबंध में हरिभूमि ने विभिन्न वर्गों के साथ बातचीत की तो उन्होंने अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

### -लागत के अनूरुप घोषित हों फसलो के दाम



भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा शनिवार को आम बजट पेश किया जाना है। जिसे लेकर किसान काफी उम्मीदें लगाए बैठें हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आम बजट में किसानों की फसलों के लागत के अनुरूप लाभकारी मूल्य दिए जाने की ठोस घोषणा की जानी चाहिए। ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उनका कहना है कि किसानों को यदि देश में खुशहाल रखना है तो उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने जरुरी हैं। इसके लिए फसलों के लागत के अनूरुप दाम निर्धारित किए जाने, एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने, कृषि में प्रयोग होने वाले उत्पादों के मूल्य में कमी किए जाने और किसानों को जीरो प्रतिशत पर कृषि के लिए ऋण दिए जाने के लिए प्रावधान किए जाने चाहिएं।

### प्लाइवुड उद्योग को विकसित करने के लिए बने योजना



हरियाणा प्लाइवुड मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान जेके बिहानी का कहना है कि केंद्रीय आम बजट में सरकार को प्लाइवुड उद्योग के लिए विशेष प्रावधान करना चाहिए। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत जीएसटी की है। सरकार को जीएसटी की प्रक्रिया सरल बनानी चाहिए। वहीं जीएसटी कम कर उद्योगों को राहत देनी चाहिए। एमएसएमई में विशेष प्रावधान कर उद्यमियों व उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। उनका कहना है कि जिले का प्लाइवुड उद्योग विश्वभर में प्रसिद्ध है। प्लाइवुड उद्योग से हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वहीं, इससे किसान, ट्रांसपोर्ट व छोटी औद्योगिक इकाइयां जुड़ी हैं। इन दिनों प्लाइवुड उद्योग संकट से जूझ रहा है। जिससे सभी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। प्लाइवुड उद्योग को विकसित करने के लिए केंद्रीय बजट में सरकार को ठोस प्रावधान करने चाहिएं।

### बजट में आम नागरिकों के उत्थान के लिए भी हो प्रावधान



आम आदमी पार्टी के लोकसभा अंबाला क्षेत्र के ज्वाइंट सचिव एवं यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे ललित त्यागी का कहना है कि आम बजट में सरकार को चाहिए कि देश में रह रहे आमजनों के कल्याण के लिए ठोस योजनाओं का प्रावधान किया जाना चाहिए। उन्होंने आमजन के लिए निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क उपचार समेत सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। आज भी करोड़ो आमजन केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं से वंचित हैं।

### महंगाई कंट्रोल करने का हो प्रावधान



समाज सेवी एवं गृहणी संजीत कौर का कहना है कि आज महंगाई आसमान छू रही है। गृहणियां महंगाई से बेहद परेशान हैं। केंद्र सरकार को आम बजट में ऐसा प्रावधान करना चाहिए जिससे गृहणियों को महंगाई से छुटकारा मिल सके।

### अम बजट में बेरोजगारी व स्वास्थ्य पर दिया जाना चाहिए जोर



बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि केंद्रीय बजट में सरकार को बेरोजगारी को दूर किए जाने और स्वास्थ्य सुविधाओं पर ठोस योजनाएं घोषित करनी चाहिएं। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके और लोगों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# महाकुंभ मेले के लिए कुरुक्षेत्र से प्रयागराज के लिए चलेगी बस

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

- कुरुक्षेत्र डिपो से प्रयागराज के लिए ये पहली बस सेवा शुरू होगी



उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के लिए धर्मनगरी के लोगों का सफर अब और भी आसान होगा। इसके लिए कुरुक्षेत्र से प्रयागराज के लिए सीधी बस सुविधा शुरू होगी। बस के संचालन को लेकर रोडवेज विभाग ने रोडमैप सहित सभी प्रकार की तैयारी कर ली है। एक फरवरी से इस बस सेवा के संचालन को हरी झंडी दी जाएगी। बता दें कि महाकुंभ में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को इधर-उधर भटकना पड़ता था। हालांकि रेलवे की ओर से भी प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। कुरुक्षेत्र डिपो से प्रयागराज के लिए ये पहली बस सेवा शुरू होगी। इससे पहले राजस्थान के सालासर-खाटूश्याम व बैजनाथ के लिए भी सीधी बस सेवा शुरू की गई थी। गीता स्थली में भी दूर-दूर से हजारों पर्यटकों का आवागमन लग रहता है। ट्रैफिक मैनेजर पवन शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा का संचालन शुरू किया जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उधर, ट्रैफिक ब्रांच कर्मी राजबीर सैनी का कहना है कि कुरुक्षेत्र से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा का संचालन एक फरवरी से शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की डिमांड और विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बाद इस बस सुविधा का रोडमैप तैयार किया गया है। ये बस पलवल-कानपुर के रास्ते प्रयागराज पहुंचेगी। कुरुक्षेत्र नया बस स्टैंड से दोपहर 2 बजे प्रयागराज के लिए बस रवाना होगी। इसके बाद अगले दिन सुबह करीब 8 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। फिर 5 बजे प्रयागराज से कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होगी। कुरुक्षेत्र नया बस स्टैंड से कुंडली मानेसर पलवल (केएमपी) हाईवे के रास्ते मथुरा, आगरा, फतेहगढ़ से होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। विभाग का कहना है कि लगभग 18 घंटे का सफर रहेगा। कुरुक्षेत्र से प्रयागराज के लिए बस में प्रति यात्री 1160 रुपए किराया निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिजलीकर्मियों का अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन

**करनाल।** हरियाणा में करनाल के निसिंग में बिजली यूनियन के कर्मचारियों ने एक्सईएन और एसडीओ के खिलाफ कड़ी नारेबाजी की। कर्मचारियों का आरोप है कि अधिकारी उनकी जायज मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते कर्मचारियों में गुस्से का माहौल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो उग्र प्रदर्शन भी किया जा सकता है। बिजली यूनियन के कर्मचारियों ने बताया कि पिछले दो महीने से उनके लंबित मांग पत्र एक्सईएन असंध की टेबल पर रखा हुआ है, लेकिन अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

### निगमायुक्त ने राम सफाई व्यवस्था देखी

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के साफ-सफाई को लेकर लगातार दौरों से शहर की सफाई में बेहतर सुधार सामने आ रहे हैं और इसकी गवाही शहर के नागरिक खुद दे रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को निगमायुक्त ने जोन नम्बर-3 के राम नगर व प्रेम नगर क्षेत्र का दौरा किया और पैदल घूमकर सडक़ों व गलियों की साफ-सफाई देखी। इस दौरान प्रातः सैर करने वाले लोगों से बातचीत कर सफाई को लेकर उनकी फीडबैक ली। उन्होंने अलग-अलग बीट का दौरा कर गलियों, प्लॉटों व सडक़ों की सफाई को चेक किया और सम्बंधित दरौगाओं को निर्देश दिए कि साफ-सफाई को बेहतर बनाकर रखा जाए।

### तीन महीने का रिकॉर्ड मांगा, एक डॉक्टर का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

# स्पीकर ने किया कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

- निदेशक व फैकल्टी प्रमुखों के साथ बैठक
- बिना ठोस कारण मरीजों को रेफर करने, उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर जताई नाराजगी, कहा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करें : कल्याण

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज यहां के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। निदेशक व फैकल्टी प्रमुखों के साथ बैठक कर संस्थान की कार्यप्रणाली और कमियों की जानकारी ली। उन्होंने बिना ठोस कारण मरीजों को रेफर करने और रोगियों के प्रति डॉक्टरों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार पर नाराजगी जताई। साथ ही डॉक्टरों से अनुरोध किया कि उपलब्ध संसाधनों को बेहतर इस्तेमाल कर संस्थान को आगे बढ़ायें। श्री कल्याण ने कैजुअल्टी वार्ड में मरीजों से बातचीत कर मुहैया कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने तीन महीने में संस्थान में पहुंचे और रेफर किये गये मरीजों का ब्यौरा मांगा। एक डॉक्टर का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

विधानसभा अध्यक्ष ने आज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक ब्लाक में संस्थान के निदेशक एमके गर्ग और फैकल्टी प्रमुखों के साथ बैठक की। इसमें उपायुक्त उत्तम सिंह, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी मौजूद रहे। निदेशक ने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को संस्थान की कार्यप्रणाली, भावी योजनाओं और समस्याओं से अवगत कराया। श्री कल्याण ने इस मौके पर कहा कि संस्थान के बारे में आज उन्हें पहली बार विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई है। खाली पदों को भरने, नये उपकरण खरीदने, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, कानूनी सहायता प्रदान करने आदि ऐसे विषय हैं जिन पर नीतिगत फैसला राज्य सरकार को लेना है।

उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियों के साथ चुनौतियां भी बढ़ती हैं लेकिन इनका सामना करते हुए आगे बढ़ना है। काम का बोझ सभी जगह है, इसके बावजूद कमियों से पार पाना है। सरकार ने संस्थान पर करोड़ों रुपये खर्च किये हैं। उन्होंने निदेशक को मरम्मत के लिये योजना बनाने के निर्देश दिये। डॉक्टरों से कहा कि वे टीम के रूप में बेहतर कार्य करें ताकि मरीजों को भी फायदा हो और संस्थान की छवि भी खराब न हो। संस्थान के रुतबे को बरकरार रखना सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि लोग डॉक्टरों को भगवान के रूप में देखते हैं। समाज में उनका सम्मानजनक स्थान है। मरीजों के प्रति उनका व्यवहार मधुर होना चाहिये। जन सेवा की जिम्मेदारी किस्मत वालों को मिलती है। चाहे जितना काम का बोझ हो, व्यवहार ऐसा हो जिससे कि समाज में अच्छा संदेश पहुंचे और मरीज पर भी अच्छा असर पड़े। बैठक के बाद स्पीकर व दोनों विधायक कैजुअल्टी वार्ड पहुंचे और मरीजों से बातचीत की। वार्ड में दाखिल रेखा(सालवन) ने बताया कि वह कल रात अस्पताल पहुंची। डाक्टर ने आज उन्हें रेफर करने के कह दिया। इस पर स्पीकर ने निदेशक को वार्ड में शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

#### मरीजों का ब्यौरा मांगा

श्री कल्याण ने निदेशक से 3 महीने में संस्थान में पहुंचे और रेफर किये गये मरीजों का ब्यौरा मांगा। यह बताने के भी निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध बड़ी मशीनों/उपकरणों का कितना इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन पर लाखों रुपये खर्च किये हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अक्सर लोग उन्हें बेवजह मरीज को रेफर करने की शिकायत करते हैं। बिना ठोस कारण के मरीज को रैफर नहीं किया जाना चाहिये। इस समय यह एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को आपात स्थिति में पहुंचे मरीज और रेफर किये जाने तक की अवधि में किये गये उपचार के ब्यौरे का उल्लेख भी करना चाहिये। सुविधाओं को पूरा इस्तेमाल करना डाक्टरों की नैतिक जिम्मेदारी है।

#### आयुष्मान कार्ड धारकों की जानकारी भी मांगी

उन्होंने संस्थान निदेशक से यह जानकारी भी प्रस्तुत करने को कहा कि विगत तीन माह में कितने आयुष्मान कार्ड धारक इलाज के लिये पहुंचे। कितनों को रेफर किया गया और कितनों का यहां सफल इलाज किया गया। श्री कल्याण ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को भी रेफर करने की शिकायत मिली है, भविष्य में ऐसा नहीं होना चाहिए।

#### नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

स्पीकर ने संस्थान में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिये ताकि बेहतर संपर्क स्थापित हो सके। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अक्सर डाक्टर उनके फोन नहीं उठाते। इस पर स्पीकर ने निदेशक को यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में नोडल अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन जरूर उठाएं।



## बापू के बलिदान दिवस पर गांधी मैमोरियल में लटका रहा ताला

धर्मेंद्र खुराना ⏭ करनाल

- आजादी के सात दशक बाद भी नाम हैं विक्टोरिया मेमोरियल,गांधी के बलिदान के बाद यहां हुई थी पहली यादगार सभा

कर्ण नगरी का वह स्थान जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान के बाद पहली श्रद्धांजली सभा 30 जनवरी को आयोजित की गई थी। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी बावू मूलचंद्र जैन सहित तमाम स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुए थे।

जहां पर बापू का अस्थि कलश रखा गया था। जहां पर स्तंत्रता सेनानियों की सभाएं होती थीं। वहां पर आज महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर ताला लटका रहा। इस भवन को कांग्रेस तो कांग्रेस दूसरे लोग भी भूलते नजर आए। इस भवन को स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय बनाने का एंलान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया था। लेकिन उनके सत्ता से हटने के बाद इस संग्रहालय की फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। यहां पर भाजपा सरकार अब तक इसे ठंडे बस्ते में डाले हुए हैं। यह भवन पुरातत्व विभाग ने अधिग्रहित कर ताला लटका दिया हैं। इस भवन की स्थापना 1901 में महारानी विक्टोरिया जब आई थी। तब उनके नाम पर टाउन हाल बनाया गया था। उस समय इसका नाम विक्टोरिया हाल रखा गया। आजादी के बाद इस हाल को गांधी मेमोरियल कहा गया। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संरक्षक तथा स्वतंत्रता सेनानी बाबू मूलचंद्र जैन के पुत्र अशोक जैन एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने इस दिशा में काफी प्रायास किए। यहां पर स्वतंत्रता सेनानियों की याद में संग्रहालय की मांग को लेकर 15 साल पहले धरना भी दिया गया। तत्कालीन हुड्डा सरकार से मांग भी की गई। इस भवन को देखने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद आए थे। उन्होंने यहां पर संग्रहालय बनाने के आदेश दिए। बाद में इस भवन को पुरातत्व विभाग को सौप दिया गया। इस भवन को संवारा तो गया। लेकिन अभी तक यहां पर गुलामी के चिन्ह बने हुए हैं। यहां पर अभी भी विक्टोरिया हाल बना हुआ हैं। इस नाम की तख्ती लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र सुक्खन ने भी इस भवन में संग्रहालय बनाने के लिए प्रायास किए।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, चालक का ब्रेक से पैर हटने से हुआ बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

गांव पक्का खेड़ा गांव के पास एक दर्दनाक हादसे में 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर से उतरकर शौच के लिए गए युवक को वापस आते समय उसी ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए असंध अस्पताल में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। असंध पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### ट्रैक्टर से गया था रेता उतारने, लौटते समय हुआ हादसा



गांव गगसीना निवासी सुरेश कुमार खेती-बाड़ी करता था। बीती 28 जनवरी की रात करीब 8:50 बजे वह अपने गांव के ही रविंद्र सिंह के साथ ट्रैक्टर में रेता उतारने के लिए गुल्लरपुर गांव में गया था। ट्रैक्टर रविंद्र चला रहा था और सुरेश उसके साथ बैठा था। रास्ते में पक्का खेड़ा गांव के पास सुरेश शौच के लिए ट्रैक्टर से उतरा। मृतक के चचेरे भाई विनोद ने बताया कि शौच से लौटते समय जब सुरेश ट्रैक्टर के पास आया तो अचानक चालक रविंद्र सिंह का पैर ब्रेक से हट गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर सुरेश से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुरेश का सिर सीधे सड़क पर जा लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद रविंद्र ट्रैक्टर लेकर वहां से फरार हो गया।

#### परिजनों का आरोप-लापरवाही से हुई जानलेवा टक्कर

मृतक के चचेरे भाई विनोद कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सुरेश कुमार अविवाहित था और खेती-बाड़ी करता था। मृतक तीन भाईयों में से एक था। उन्होंने ट्रैक्टर चालक रविंद्र सिंह पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया और कानूनी कार्रवाई की मांग की। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरेश कुमार के शव को सरकारी अस्पताल असंध के डेड हाउस में रखवाया और अगले दिन पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## करनाल में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स का जोरदार प्रदर्शन

- सरकार से स्थायी भर्ती और पोषण ट्रैकर ऐप बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन की जिला कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद यूनियन की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही यूनियन की जिला सचिव बिजनेश राणा ने बताया कि नई पोषण ट्रैकर ऐप के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स और लाभार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी को बातचीत के लिए बुलाया जाए ताकि पुरानी सरकार में लंबित पड़ी मांगों का समाधान हो सके।

## श्रद्धालुओं की बलेरो हाईवे पर पलटी, ड्राइवर को आई झपकी, बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज करनाल

करनाल के तरावड़ी में वीरवार को महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की बलेरो अचानक हाईवे पर पलट गई। हादसा ड्राइवर को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ। जिस कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। बलेरो पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे लगे लाइट पोल को जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे के दौरान हाईवे पर हड़कंप मच गया, लेकिन राहत की बात रही कि गाड़ी में सवार चारों श्रद्धालुओं को सिर्फ मामूली चोटें आईं।

महाकुंभ से लौट रहे थे श्रद्धालु, अचानक पलट गई बलेरो श्रद्धालु रामेश्वर ने बताया कि वे प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद 29 जनवरी को जम्मू के लिए रवाना हुए थे। सफर के दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और फिर हाईवे पर पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को गाड़ी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि हादसा ज्यादा भयानक नहीं था और सभी लोग सुरक्षित बच गए।

#### पुलिस ने हटवाया वाहन

घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। ईआरवी इंचार्ज ने बताया कि उन्हें हाईवे पर एक बलेरो के पलटने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त गाड़ी को हाईवे से हटवाया, ताकि ट्रैफिक प्रभावित न हो और किसी अन्य दुर्घटना की आशंका खत्म हो सके।

#### तरावड़ी पुलिस कर रही मामले की जांच

*तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। हालांकि, यदि किसी व्यक्ति की तरफ से कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।*

### गैस एजेंसी मालिक पर जानलेवा हमला

**करनाल।** राहडा गांव के गैस एजेंसी के पार्टनर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने गुढा गैस प्लांट में एस एंड डी के दफ्तर में न सिर्फ हमला किया बल्कि पीड़ित को बंधक भी बनाकर रखा। डायल-112 मौके पर पहुंची और पीड़ित को छुड़वाया। मामला रंजिश से जुड़ा हुआ है। हमले में पीड़ित की आंख, कमर, पेट, हाथ और गुप्तांग में गंभीर चोटे आई है। पीड़ित ने घरौंडा के सरकारी अस्पताल में मेडिकल करवाने के बाद शिकायत घरौंडा पुलिस को की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झगड़ा बढ़ा, ड्राइवर ने दोस्तों के साथ किया हमला गांव राहडा निवासी शिकायतकर्ता रविंद्र राणा ने बताया कि लिण्डर की गाड़ी उतारते वक्त ड्राइवर दिनेश और डिलिवरी बॉय के बीच डिफेक्टिव खाली सिलेंडर की बात को लेकर एक मामूली झगड़ा हुआ था।

## किसी के भाग्य को कोई नहीं छीन सकताः हरविंद्र

- बुजुर्ग महिला ने दिया आशीर्वाद कहा तुम जियो हजारों साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा





**घरौंडा।** रेलवे रोड पर दुकानदार से मिलते हुए व बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद लेते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। *फोटो : हरिभूमि*

कुछ पल फुरसत के हर किसी पर हो जाते हैं और उसका समय पर इस्तेमाल हो जाए तो उसका फायदा भी हो जाता है। इसी प्रकार का नजारा आज देखने को मिला। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व हल्का विधायक हरविंद्र कल्याण वीरवार को शहर में पहुंचे और उन्होंने अपनी गाड़ी व सुरक्षा बलों को छोड़ कर दुकानदार व राहगीर लोगों से मिलने के लिए पैदल ही चल दिए। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को पैदल देख दुकानदार हैरत में थे कि हल्का विधायक आज पैदल ही जनता से मिल रहे। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण लगभग एक घंटे तक शहर में पैदल घूमे। जिससे सुरक्षा बलों में चिंता दिखाई। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष कल्याण दुकानदारों से मिले और जो भी रास्ते में मिला , उनको नमस्कार करते हुए उनका हालचाल जाना। रास्ते में एक बुजुर्ग महिला अपनी ट्राई साइकिल पर आ रही तो विधानसभा अध्यक्ष उनके पास पहुंचे और पांव छू कर उसका आशीर्वाद लिया। बुजुर्ग महिला ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को आशीर्वाद देते हुए कहा कि तुम जियो हजारों साल। जब विधानसभा अध्यक्ष दुकानदारों से मिले तो दुकानदारों का कहना था कि विधायक जी आप की इस कार्यशैली से तो लोग फिदा हैं, इसलिए क्षेत्र की जनता आपके नरम स्वभाव आप सभी के साथ मेलजोल है। विधानसभा अध्यक्ष कल्याण गलियों से भी पैदल ही गुजरे और महिलाओं से मिले और राम राम की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष पैदल ही भाजपा नेता के निवास स्थान पर पहुंच गए और वहां पर गाजर के जूस का स्वाद लिया और हंसते हुए कहा कि लाला सोहन लाल गुप्ता जी आपने जूस अपने लिए मंगवाया था लेकिन यह जूस मेरे भाग्य में था और सभी हंसने हुए नजर आए।

## करनाल में सिख सम्मेलन एक को

- एचएसजीपीसी के सभी नवनियुक्त सदस्यों को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



**तरावड़ी।** एचएसजीपीसी के नवनियुक्त सदस्य बैठक मे भाग लेते हुए।

करनाल में सिख संगत द्वारा एक फरवरी को सुबह दस बजे डेरा कार सेवा में एक सिख सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगत में प्रदेश भर से एचएसजीपीसी के नवनियुक्त सदस्यों तथा सिख धार्मिक जनों तथा विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी करनाल में वार्ड 17 से एचएसजीपीसी के नव नियुक्त सदस्य तथा डवरी के पूर्व सरपंच गुरनाम सिंह लाडी और मैंबर प्रतिनिधि भूपिंदर सिंह लाडी ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश भर से एकत्रित सिख संगतों द्वारा प्रदेश के सभी नवनियुक्त सदस्यों से अपील की जाएगी। वह सभी मिल कर पार्टी बाजी धड़े बाजी से ऊपर उठकर एसजीपीसी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा के नैतृत्व में एचएसजीपीसी के हाउस को बना कर हरियाणा के गुरु घरों की सेवा को संभाले। उन्होंने कहा कि 25 सालों से जिस कमेटी के लिए संघर्ष किया उस कमेटी के पहली बार चुनाव हुए हैं। प्रदेश भर की सिख संगतों ने चुन कर सदस्यों को भेजा है। संगत के हुकुम को मानकर सभी सदस्य मिल कर गुरु घरों की सेवाकों संभालें।

## विधायक 20 लाख की लागत से बनने वाले प्रार्थना सभा हाल का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने काछवा रोड पर स्थित रामनगर शिवपुरी में सत्संग एवं प्रार्थना सभा हाल के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य में 20 लाख रुपये खर्च आएगा। उन्होंने विधिवत रूप से इस जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया।

इस मौके पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करनाल शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में निरंतर कोई न कोई बड़ी परियोजना करनाल वासियों को मिल रही है। बिना किसी भेदभाव के सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे बखूबी निभाउंगा। हरियाणा विधानसभा में बुलंद तरीके से करनाल की जनता से जुड़ी आवाज उठाता रहूंगा। इस मौके पर आदर्श सभा (रजि.) शिवपुरी, काछवा रोड, रामनगर के सभी पदाधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भगवानदास अग्गी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमर ठाकर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, दर्शनसिंह, अनूप भारद्वाज, जगदीश सभरवाल, प्रकाश मुंजाल, लेखराज पाहुजा, चंद्रगांधी, बीआर चोपड़ा, समीर खुराना व अन्य रामनगरवासी मौजूद रहे।

### वैज्ञानिकों के दल ने जापान की कोच्चि विवि का भ्रमण किया

## डिजिटल बागवानी पर अनुसंधान की पहल, एमएचयू-कोच्चि विश्वविद्यालय जापान मिलकर करेंगे कामः डा सुरेश

हरिभूमि न्यूज करनाल

विश्व में जलवायु परिवर्तन के चलते खेती किसानी पर चुनौती से निपटने के लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ने डिजिटल बागवानी पर अनुसंधान की पहल की है। यह जानकारी देते हुए एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के समय में कृषि में कई आपदाएं जैसे सुखा, असमय ओलावृष्टि, अधिक वर्षा आदि से नुकसान की संभावना हर समय बनी रहती है। इसके अलावा हमारी जोत का आकार भी लगातार घट रहा है, जिससे छोटे व मंझोले किसानों के लिए कम क्षेत्र से अधिक उत्पादन व अधिक आय लेना एक बड़ी चुनौती है। कुलपति डॉ सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि इन सभी बिंदुओं को केंद्र में रखकर महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ग्रीन हाउस खेती में जापान की इंटरनेटस आफ प्लाटस (आईओपी) नामक तकनीक पर अनुसंधान करने के लिए एमएचयू कुलपति की अध्यक्षता में वैज्ञानिकों के दल ने जापान की कोच्चि विश्वविद्यालय का 13-17 जनवरी में भ्रमण किया ओर जापान के वैज्ञानिकों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस तकनीक से ग्रीन हाउस के अंदर फल, सब्जियां, फूल व मसालों वाली फसलों पर सैंसर संवेदी तकनीक, जिससे ग्रीन हाउस में तापमान, आद्रर्ता, प्रकाश सश्लेषण, वाष्पोंजन आदि के सिंद्धात पर विभिन्न फसलों के लिए इंटरनेटस आफ प्लाटस (आईओपी) मॉडूयल तैयार किए जाएंगे। इस क्षेत्र में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय ओर कोच्चि विश्वविद्यालय जापान मिलकर काम करेंगे ताकि हरियाणा राज्य के लिए इस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक बनाकर किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बागवानी फसलों के उत्पादन, गुणवत्ता, अधिक आय की संभावनाएं बढ़ेंगी। इस संदर्भ में 21 फरवरी 2025 को जापान कोच्चि विश्वविद्यालय का 6 सदस्यीय वैज्ञानिकों का दल एमएचयू का भ्रमण करेगा ओर गहनता के साथ विचार विमर्श करेगा।

#### जलवायु परिवर्तन के चलते खेती किसानी पर सकंट



कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के चलते खेती किसानी पर संकट लगातार गहरा रहा हैं, असमय बरसात, ओलावृष्टि, अत्याधिक गर्मी के कारण फसलों को नुकसान की संभावना हर समय बनी रहती है। ये एक ऐसा विषय है, जिस पर किसान भाई चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। इन सब संकटों को देखते हुए देश विदेश के वैज्ञानिक गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में काम करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। जलवायु परिवर्तन से होने वाले विपरीत प्रभाव से किस प्रकार फसलों को बचाया जाए, जिससे फसलों की गुणवत्ता व उत्पादन पर कोई असर न पड़े। इसी को लेकर एमएचयू ओर जापान की कोच्चि यूनिवर्सिटी के

**खबर संक्षेप**

### जेवर चोरी, पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव धर्मगढ़ निवासी राकेश के परिजनों के जेवर धुलाई करने आए दो चोर चांदी की पायजेब चोरी कर ले गए। दोनों ने आभूषण धोने के बाद परिजनों को एक कागज का टुकड़ा लपेट कर दिया और कहा कि इसे चार घंटे बाद खोलना। क्योंकि इसमें केमिकल लगा होता है, वह हाथ खराब कर देगा। इधर, राकेश की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज किया और दोनों आरोपियों को पकड लिया।

### साइबर ठगों से सावधान रहें: एसपी

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। कभी फेसबुक का फर्जी अकाउंट बनाकर, अकाउंट को हैक कर आपके परिचितों को बीमारी का बहाना बनाकर हॉस्पिटल में एडमीट होने की बात कहकर पैसों की डिमांड करते है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। साइबर अपराधियों से बच कर रहें।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने काबड़ी रोड पर अर्जुन नगर निवासी रोहित पुत्र धर्मबीर को 320 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि रोहित के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### स्कूल में महापुरूषों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में भारतीय हरित क्रांति के जनक, भारत रत्न सी सुब्रमणियम और हिंदी साहित्य, नाटक उपन्यासकार, हिंदी साहित्य में नाटक को नई दिशा देने वाले और छायावाद के प्रवर्तक महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. अशोक आर्य, आर्य समाज के जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, उप प्राचार्य एवं हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स के प्रभारी जगदीश आदि उपस्थित रहे।

### शहादत दिवस पर माकपा ने ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने सांप्रदायिक हिंसक भीड़ द्वारा पलवल के अंदर गौ तस्करी के नाम पर मोहम्मद यूसुफ की बर्बर हत्या के मामले में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम लिखित ज्ञापन पत्र सौंपा। इस अवसर पर माकपा जिला सचिव डा. सुरेंद्र मलिक, जय भगवान व नवीन सपड़ा आदि उपस्थित रहे।

### शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र पाल मलिक ने कहा कि अधिकारी संयम व उनकी काम कराने की शैली से ही जरूारतमंद लागों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान हो रहा है। सचिवालय सभागार में शहीदों की स्मृति में अधिकारियों ने दो मिनट का मौन करके श्रद्धांजलि दी।

आर्य कालेज में गांधी के विचारों पर संगोष्ठी आयोजित

# देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को गांधी के विचारों को अपनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आर्य कालेज में महात्मा गांधी के विचारों पर संगोष्ठी में मुख्यअतिथि गुलाम नबी आजाद का सम्मान भेंट करते मेजबान। फोटो :हरिभूमि

आर्य कालेज के गांधीयन अध्ययन केंद्र, पानीपत नागरिक मंच व गांधी ग्लोबल फैमली के संयुक्त तत्वावधान में कालेज के ओ.पी. शिंगला सभागार में गांधी के विचारों पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री जम्मू कश्मीर गुलाम नबी आजाद ने शिरकत की। आर्य कालेज के प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला व ग्लोबल फैमली की अध्यक्ष निर्मल दत्त व महासचिव एडवोकेट राम मोहन राय ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी इतिहास के एक ऐसे पुरोधा हैं, जिसने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ना केवल भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त करवाया बल्कि अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंक दिया। सत्य व अहिंसा के प्रति बापू के विचार न केवल भारत का बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते हैं। मुख्यअतिथि गुलाम नबी आजाद ने कहा कि आज 30 जनवरी का दिन यानि हमारे राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि का दिन है। बिड़ला हाउस में गांधी स्मृति में महात्मा गांधी की हत्या के बाद हम उनकी याद में इस दिन का स्मरण करते हैं। भारत सरकार ने 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में घोषित किया था। शहीद दिवस को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के संदेश के वैश्विक महत्व को दर्शाता है, जो आज भी दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। हमें आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश देना होगा, जो हमें महात्मा गांधी ने दिया था। ग्लोबल फैमली की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने गांधी जी के विचारों ने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1920 में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य अंग्रेजों का विरोध करना था। महासचिव एडवोकेट राम मोहन राय ने मुख्यअतिथि के लिए स्वागत संदेश पढ़ा और उन्होंने गुलाम नबी आजाद का आभार भी व्यक्त किया। मंच संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रो. विजय सिंह ने किया। इस अवसर पर वीरेंद्र बुल्ले शाह, आर्य स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य लाभ सिंह कादियान, दीपक कथूरिया समेत प्रमुख समाज सेवी मौजूद रहे। देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को गांधी के विचारों को अपनाना होगा।

# रसायन क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : प्रो. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आर्य कालेज में करियर एडवांसमेंट इन कमिक्ल सांइस विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में अतिथि का स्वागत करते हुए टीचर्स। फोटो :हरिभूमि

आर्य कालेज के रसायन विभाग के तत्वावधान में करियर एडवांसमेंट इन कैमिक्ल सांइस विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार करवाया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर रेवाडी के प्रो. कर्ण ने शिरकत की। कालेज की उपाचार्या डा. अनुराधा सिंह व रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता डा. कर्ण सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रसायन विज्ञान में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए नए रोजगार व खोज के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं जो भारत देश को विकसित बनाने में सहायक हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे दैनिक जीवन में किचन में खाना बनाने से लेकर दवाइयां, कपडे, प्लासटिक, सेरेमिक, पेंट, पोलीमर, चिकित्सा और स्वास्थ्य, पर्यावरण उर्जा उत्पादन व शिक्षा और अनुसंधान में विभिन्न अवसरों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि रसायन विज्ञान नए-नए स्टार्ट अप व नई शिक्षा नीति के तहत स्किल सीखने के अवसर पर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुदेश, वंदना सैनी ,आरती शर्मा व अंकित मौजूद रहे।

## पानीपत के युवक को कजाकिस्तान में बनाया बंधक

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी निवासी एक युवक मानव तस्करों के कब्जे में है। युवक के किसान पिता ने उसे अमेरिका भेजना चाहा। जिसके लिए उन्होंने अपने परिचित अंसल सुशांत सिटी निवासी एक पति-पत्नी से संपर्क किया। दंपती ने किसान से 30 लाख रुपए ले लिए। युवक को अमेरिका भेजने की बजाय कजाकिस्तान भेज दिया। वहां मानव तस्करों ने उसे बंधक बना लिया। पिछले 10 माह से युवक बंदूकधारियों के कब्जे में है। बदमाश परिवार को कॉल कर पैसों की मांग कर रहे हैं। पैसे न देने पर युवक को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बदमाश अब तक किसान से 1.09 करोड़ रुपए की फिरौती ले चुके हैं। किसान की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इधर, पुलिस को दी शिकायत में नरेश कुमार ने

### पेट्रोल की खपत अधिक होने पर नहीं चलाते जेनरेटर

**समालखा।** समालखा में सिविल अस्पताल में बिजली की समस्या से मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में लगा बड़ा जनरेटर महज दिखावे के लिए है, जिसका इस्तेमाल पेट्रोल की अधिक खपत के कारण चालू नहीं किया जा रहा है। बिजली जाने पर अस्पताल की एक्स-रे मशीन और बुजुर्गो-विकलांगों के लिए लगाई लिफ्ट पूरी तरह से बंद हो जाती है। छोटे जनरेटर से केवल अन्य आवश्यक मशीनें ही चलाई जा रही हैं। इस व्यवस्था की मार मरीजों पर पड़ रही है, जिन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर निजी एक्सरे सेंटर का रुख करना पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय आंतिल के अनुसार बड़े जनरेटर पर पेट्रोल का खर्च अधिक आता है, इसलिए छोटे जनरेटर से ही जरूरी मशीनें चलाई जा रही हैं।अस्पताल में बिजली की हॉटलाइन के लिए अप्लाई किया हुआ है।

# गजेंद्र के ऑफिस में पहुंचे मुख्यमंत्री सैनी

- गजेंद्र सलूजा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने बुके देकर व शाल ओढ़कर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी बिना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लघु सचिवालय स्थित केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सांसदीय कार्यालय पहुंचे। वहां पहुंचने पर मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ईश कुमार राणा ने बुके देकर व शाल ओढ़कर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने गजेंद्र सलूजा को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि इस कार्यालय के माध्यम से जनता की सरकार की नीतियां तथा योजनाओं को जानकारी हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें बिना भेदभाव के जनता की सेवा कर रही है । बिना-खर्ची-पर्ची नौकरियां देकर पारदर्शिता व ईमानदारी की नई मिशाल कायम की है। गजेंद्र सलूजा ने मुख्यमंत्री को कार्यालय की कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि सभी आगंतुकों को केंद्र सरकार से संबंधित कार्यों को दिल्ली कार्यालय से ताल मेल कर हल करवाया जाता है। इस मौके पर मंत्री राव नरवीर, जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, विधायक प्रमोद विज, प्रदीप उपाध्याय, पंकज शर्मा, ठाकुर ईश राणा आदि उपस्थित रहे।

## डीईओ ने विद्यालयों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला शिक्षा अधिकारी पानीपत राकेश बूरा ने वीरवार को बड़ौली, रजापुर सहित विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में पहुंचे डीईओ राकेश बूरा ने बच्चों से परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अपने पर विश्वास रखते हुए मेहनत करनी चाहिए तभी सफलता मिलती है। मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और परीक्षाओं के दिनों में तनाव मुक्त रहकर पाठ्यक्रम की दोहराई करनी चाहिए। वहीं, जो बच्चों नियमित अभ्यास करते हैं उन्हें अच्छे परिणाम मिलते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या आरती सलूजा, ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, सुशील कुमारी, मधु, सुनीता, रविंद्र, रामनरेश, शर्मिला, ममता, जसबीर, अंजलि शर्मा, खुशीराम, हीना, उमेद आदि उपस्थित रहे। वहीं, हिंदी पठन मेले में कक्षा छटी से आठवीं में विजेता छात्र तनीषा, दक्षित, अमन, शुभम और कक्षा नौ से बारहवीं में रजनी, राखी, पलक, प्रतिज्ञा को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया।

# इंसान का विकास धन से नहीं धर्म से होता है : मुनि सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



हिमगिरी स्कूल में दिगंबर जैन मुनि सौरभ सागर का विश्राम का प्रबंध किया गया। जिसमें छात्रों ने आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन के मूल्यों के बारे में सीखा। कार्यक्रम में मुनिजी ने आत्म-नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मनुष्य का चरम विकास धन से नहीं धर्म से होता है। गुरु सोए हुए में जागा हुआ व्यक्ति होता है। गुरु पथ प्रदर्शक होता है, गुरु हमारे कल्मष धोते हैं, अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। स्कूल के चेयरमैन राजबीर राठी, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप-प्रधानाचार्य रितु लठवाल व अध्यापकगणों ने गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# निजीकरण के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


मुख्य बिजली घर पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

केंद्र सरकार लगातार मुनाफे में चल रहे बिजली उपक्रमों को अपने चहते पूंजीपतियों के हाथों बेचने के लिए भ्रसक प्रयास कर रही है। जिसको लेकर देश का बिजली कर्मचारी लामबंद हो रहा है। इसी कड़ी में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सर्कल सचिव सतेंद्र पूनिया की अध्यक्षता में पानीपत अधीक्षक अभियंता कार्यालय द्वारा चंडीगढ़ में पानीपत के कर्मचारियों को भेजे जाने के आदेश के खिलाफ सर्कल पर प्रदर्शन किया गया। जिसका संचालन सचिव शिवकुमार ने किया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी व राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल ने कहा कि केन्द्र सरकार चंडीगढ़ बिजली विभाग को मुनाफे में होने के बावजूद भी इसे प्राइवेट कंपनी को सौंपना चाहती है। जिसका देश के तमाम कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अमरिश त्यागी ने बताया कि हरियाणा का अलग से आठवां वेतन आयोग गठित करवाने पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कोसल रोजगार निगम को भंग करने, खाली पड़े पदों पर नई भर्ती करन व अन्य मांगों को लेकर प्रदेश में प्रदर्शन करके विधायक व मंत्रियों को ज्ञापन सौंपेगें।

# गांधी के विचार अपनाने से होगी विश्व शांति संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


**पानीपत।** स्वाध्याय आश्रम में बापू को याद करते हुए गांधीवादी व विद्यार्थी आदि।

गांधी स्मारक निधि, पंजाब ,हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम गांव पट्टी कल्याण में महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर आश्रम परिसर में सामूहिक श्रमदान किया गया।

इसके पश्चात एक सभा रखी गई। सभा में गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा गांधी जका प्रिय भजन वैष्णव जन तने कहिए गाया। इसके पश्चात संस्था के न्यासी मंडल की सदस्या हेमलता रावत ने महात्मा गांधी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गांधी जी समाज की बुराइयों को दूर करना चाहते थे उस समय संचार के साधन उतने विकसित नहीं थे कि किसी भी तरह की सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर बड़ी आसानी से पहुंचाया जा सके समाचार पत्र एक ऐसा साधन था जिसका प्रयोग गांधी जी ने बेहतरीन तरीके से किया समाचार पत्र जन जागरण का ऐसा साधन था। जिससे उन्होंने लोगों को आंदोलन में इकट्ठा किया उनका पत्रकारिता का उद्देश्य स्वदेश को मूल रूप देने का था और ज्ञान विज्ञान की शिक्षा देकर लोगों की सोच को विकसित बनाना था। वहीं, आश्रम परिसर में 31 जनवरी 5 से 11 फरवरी तक प्रतिदिन सायं चार बजे से पांच बजे तक एक घंटा स्वाध्याय व चरखा कताई की जाएगी और 12 फरवरी को गांधी जी का अस्थि विसर्जन दिवस ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र में मनाया जाएगा। गांधी के विचारों को अपनाने से विश्व में शांति होगी। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि के कार्यकर्ता डॉ.आकाश बिसोने, धर्मपाल, रोशन लाल, गिरिराज, सोनू, संजय, गोविंद, राजेश, योगेंद्र यादव, राहुल, विमलेश, लक्ष्मी, संतोष, रानो, गुड्डी स्कूल स्टाफ एवं बच्चे उपस्थित थे।

# नगर निगम चुनाव लड़ेगी आप : अहलावत

- निगम चुनाव में हर वर्ग से प्रत्याशी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक करते आप नेतागण। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी की बैठक में नगर निगम चुनाव को लेकर चर्चा हुई। वहीं पानीपत नगर निगम चुनाव प्रभारी व आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र अहलावत ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आप, निगम चुनाव को मजबूती के साथ लड़ेगी, चुनाव में समाज के हर वर्ग के स्वच्छ छवि वाले मजबूत प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरेगी। बैठक में मुख्य रूप से आप नेता सुखबीर मलिक, डॉ. नरेंद्र जेसिया, जितेंद्र जुनेजा, कृष्ण अग्रवाल अजय सिंगला, प्रीत पाल खेड़ा, जसवीर जस्सा कादियान, राजकुमार मुंडे, यशपाल पंवार, वीरेंद्र आर्य व आप के युवा जिलाध्यक्ष योगेश कौशिक आदि उपस्थित रहे। इधर, प्रेस वार्ता में आप नेता सुरेंद्र अहलावत ने बताया कि नगर निगम के अंतर्गत आने वाला समाज का हर वर्ग भाजपा के 10 साल के नगर निगम के कुशासन और भ्रष्टाचार से पूरी तरह ऊब चुका है। निगम चुनाव में आप ऐतिहासिक दर्ज करने जा रही है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों को लेकर नगर निगम के हर वार्ड में निगम जागृति पदयात्रा दो फरवरी से वार्ड 17 से शुरू होगी। बैठक में आप नेता मनीश दुबे, शमशेर भल्ला, पंकज गर्ग, दीपक गुप्ता, आदेश शर्मा, गुरजीत सिंह, नवीन जुनेजा इत्यादि भी शामिल रहे।

# साहित्य का अध्ययन जरूर करें विद्यार्थी : डॉ. शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए साहित्यकार खुशवंत सिंह द्वारा लिखे गए ए ट्रेन टू पाकिस्तान नोबल के विषय पर रेखा शर्मा द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एमए इंग्लिश फाइनल और एमए इंग्लिश प्रीवियस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कार्य की सराहना करते हुए बताया कि, साहित्य का अपना ही एक महत्व होता है क्रिएटिव स्किल्स डेवलप करने के लिए साहित्य का अध्ययन करना आवश्यक होता है। साथ ही उन्होंने प्रदर्शन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और आगे भी इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

एसडी पीजी कालेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# धैर्य की एक बूंद लाखों उपदेशों से अधिक मूल्यवान : डा. गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


एसडी कालेज में बापू को श्रद्धांजलि देते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

एसडी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि राष्ट्रपिता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. राकेश गर्ग, डा. संतोष कुमारी व अन्य प्राध्यापकों ने भाग लिया। वहीं लगभग 100 एनएसएस के स्वयं सेवक विद्यार्थियों ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। युवा कार्यकर्ताओं ने सांप्रदायिक सद्भावना की शपथ लेकर कालेज में साफ-सफाई कर गांधी जी के आह्वान को सफल बनाने की पहल की। कार्यक्रम के अंत में एकता और अखंडता का भाव लिए एवं सामाजिक समरसता से औत-प्रौत युवा स्वयंसेवकों ने रैली निकाली और समाज में शान्ति और भाईचारे का सन्देश दिया।

**महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई**

डा. राकेश गर्ग ने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के सहारे विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाया। ऐसे महापुरुष आज भी हम सबके लिए अनुसरणीय है। गांधी जी हमेशा कहते थे कि धैर्य की एक बूंद लाखों उपदेशों से अधिक मूल्यवान है। डा. संतोष कुमारी ने कहा कि 30 जनवरी का शहीद दिवस महात्मा गांधी को समर्पित है। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि मनाई जाती है। देश को आजादी दिलाने के लिए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले गांधी जी के निधन के बाद उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार अत्री ने जनता की समस्याएं सुनीं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। अत्री ने कहा कि समाधान शिविर को सफल बनाना हर कर्मचारी /अधिकारी का सरकारी ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है, प्रत्येक कार्य दिवस में 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनना स्वयं के जीवन में भी अनुशासन लाता है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति किया जागरूक

**नारायणगढ़।** नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता गुरजीत सिंह ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित होता है और इससे कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है तथा पर्यावरणीय प्रभाव पड़ते है। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे प्लास्टिक के किसी भी प्रकार के एकल उपयोग से बचें, जो पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक से जल, थल और वायु प्रदूषण बढ़ता है।

### एसडीएम ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**अंबाला।** एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने वीरवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारियों के साथ एक बैठक लेते हुए राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों बारे समीक्षा करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंतकाल , जमाबंदी , सरकारी देय बकाया वसूली, कोर्ट केस के साथ-साथ अन्य बिदुंओं बारे विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### दुकानों से कीटनाशकों के 23 सैंपल लिए गए

**अंबाला।** विपणन अधिकारी, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के डॉक्टर राकेश पोरिया द्वारा जिला में गुणवत्ता नियंत्रण के तहत अभियान चलाया गया। इसके तहत साहा, बराड़ा, अंबाला छावनी स्थित कीटनाशक खाद व बीज विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। सभी विक्रेताओं के लाइसेंस की जांच की गई। अन्य रिकार्ड की जांच की गई। जांच के दौरान सभी विक्रेताओं का रिकार्ड व अन्य सूचनाओं जोकी गुणवत्ता नियंत्रण के तहत आवश्यक निर्देश दिए गए। दुकानों से कीटनाशकों के 23 नमूने भी लिए गए।

### पुत्रों ने आशा रानी की आंखों का दान करवाया

**तरावड़ी।** जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान का महादान माना गया है। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो जीते जी तो समाज की सेवा करते ही है। मरणोपरांत भी समाज की सेवा करके चले जाते हैं उनमें से एक नाम स्वः आशा रानी सचदेवा। जिनके मरणो उपरांत उनके पति चंद्र प्रकाश सचदेवा एवं सुपुत्र पुनीत सचदेवा, मनन सचदेवा ने अहम फैसला लिया कि दो चुटकी राख होने की बजाय दो अंधों को आंख देने का फैसला लिया और स्वः आशा रानी सचदेवा के नेत्रों का दान करवाया।

### बिना हिंसा के महात्मा गांधी ने दिलवाई देश को आजादी : प्राचार्य

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर रखा दो मिनट का मौन

- छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर (शहीदी दिवस) के अवसर पर जीएमएन कॉलेज के गांधी अध्ययन केंद्र एवं इतिहास विभाग द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख सीनियर सैकेंडरी स्कूल , अंबाला कैंट के छात्र एवं छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापकों ने भी गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कॉलेज के के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं कहा कि महात्मा गांधी देश के ही नहीं बल्कि दुनिया के इतिहास में एक ऐसी शख्सियत है जिन्होंने बिना किसी हिंसा के देश को न केवल आजादी दिलवाई बल्कि साथ ही साथ देश को एक नए राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इस समय महात्मा गांधी के मूल्य एवं दर्शन का बहुत ही ज्यादा महत्व है।तत्कालीन सरकार के द्वारा महात्मा गांधी के दर्शन को फॉलो करते हुए आत्मनिर्भर भारत के तहत देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है। डॉ. धर्मवीर सैनी ने बताया कि महात्मा गांधी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के एक ऐसे नेता थे जिन्होंने न केवल भारत को आजादी दिलवाई बल्कि एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो कि अपने आप में एक आत्मनिर्भर भारत हो। नेशनल एजूकेशन पॉलिसी 2020 के तहत जो इसका उद्देश्य रखा गया है वह महात्मा गांधी के दर्शन में हमें साफ नजर आता है। सैनी ने बताया कि गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के गांधी अध्ययन केंद्र के द्वारा लगातार महात्मा गांधी के दर्शन एवं उनके मूल्यों का प्रचार छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सोसाइटी में किया जा रहा है।


**अंबाला।** दो मिनट का मौन रखते हुए शिक्षक व छात्र।

### महात्मा गांधी के बताए आदर्शों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि : एसडीएम



**बराड़ा।** उपमंडल अधिकारी कार्यालय के सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व स्वतन्त्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले असंख्य शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत उपमंडलाधीश अमित भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर ही चल कर उनके अनुयायियों ने देश की आजादी के लिए अपने बलिदान दिए और उनके बलिदानों के कारण ही हमें आजादी मिल गई है और अब हमें अपनी आजादी को कायम रखना है व आजादी को कायम रखते हुए देश एवं प्रदेश का विकास भी करना है। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों ने जो रास्ता दिखाया था, वह हमेशा देश को खुशहाल रखेगा और उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलते हुए हमारे देश में अमन व शांति रहेगी और देश विकास करेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश की आजादी की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले असंख्य वीर नौजवानों, स्वतंत्रता सेनानियों व पुरखों को सही मायनों में सच्ची श्रद्घांजलि यही होगी कि हमें देशहित में उनके बताए आदर्शों पर चलना चाहिए। जीवन में अहिंसा को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गीता राम, एएफएसओ राजिंदर कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों की पालना के लिए छात्राओं ने ली शपथ



**बराड़ा।** शपथ लेते हुए कॉलेज स्टूडेंट्स।

**संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में सड़क सुरक्षा रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में सड़क सुरक्षा रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ ने यातायात नियमों के पालन की शपथ ली। परिवारजनों को भी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, कार में सीट बेल्ट का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन न चलाना और चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देना हर नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही, सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए और ज़ेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करनी चाहिए। डॉ. नवनीत कौर ने भी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों के पालन से दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

# बाल भवन का निर्माण जल्द होगा पूरा

- पूर्व राज्यमंत्री गोयल के प्रतिनिधि ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर को विकास के मामले में किसी भी सुरत में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

यह दावा पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने किया। बता दें कि पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन बाल भवन के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां नगर निगम अधिकारियों के साथ साथ बाल भवन से संबंधित अधिकारियों को भी मौके पर बुलाकर चल रहे कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। प्रतिनिधि ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि बाल भवन में बाउंड्री वॉल,बेसमेंट, पेंट इत्यादि का कार्य चल रहा है। जिसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल भवन के अधिकारी और नगर निगम के अधिकारी संयुक्त रूप से एक सूची भी तैयार करेंगे कि अधिकारियों को किस सामग्री की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चल रहे निर्माण कार्यों के पूरा होने में कुछ तकनीकी खामियों की वजह से देरी हुई थी। लेकिन अब जल्द ही एक एक कर सभी प्रोजेक्ट जनता को समर्पित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि महावीर पार्क में भी जल्द ही जनता बोटिंग का लुत्फ उठा सकेगी।


**अंबाला।** बाल भवन में निर्माणा कार्य का निरीक्षण करते प्रतिनिधि व अधिकारी।

### हिट एंड रन केस में परिवार को तय समय में मिले मुआवजा

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिलें के सभी स्कूलों की बसों को चैक किया जाए कि उनके पास सभी संबंधित दस्तावेज हो तथा चालक के पास मान्यता प्राप्त लाईसेंस हो, इसके लिए सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों मे स्कूल बसों को नियमित रूप से चैक करें तथा उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय मे भेजेंगे।

उपायुक्त वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा कि स्कूल बस के अंदर सीटों के हिसाब से बच्चे हो, यह भी चेक करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने संबंधि एसडीएम को कहा कि जितनी भी ई-रिक्शा जिलें मे चल रही है उनके भी दस्तावेज चेक किए जाए।

# अनशन नहीं, इस्तीफा दें विज : चित्रा सरवारा

- अनशन 'काम' न होने के लिए या 'सस्पेंशन' न होने के लिए : चित्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैबिनेट मंत्री अनिल विज के अपनी ही सरकार के खिलाफ दिए बयान पर सियासी बवाल हो गया। अंबाला छावनी विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने उनके बयान पर खूब चुटकी ली। उन्होंने कहा कि मंत्री विज ने अपनी विफलता स्वीकार कर ली है।

यह सच सामने आ गया है कि अब राज्य सरकार में उनकी कोई स्थिति सशक्त नहीं है। अगर 7 बार का विधायक और मंत्री होने के बाद उन्हें ये विफलता और असहायता का आभास हो रहा है तो उन्हें अनशन नहीं तुरंत मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे देना चाहिए क्यूंकि ऐसी



स्थिति में मंत्रीपद का कोई औचित्य नहीं रहता। चित्रा ने कहा कि अपने इस बयान से अनिल विज ने अपनी विफलता के साथ-साथ अपनी राज्य सरकार को भी फेल होने का सर्टिफिकेट दे दिया है। जब एक मंत्री को अपने काम करवाने के लिए आमरण अनशन की धमकी देनी पड़े तो सोच सकते हैं कि ऐसी स्थिति में आम व्यक्ति का क्या हाल हो रहा होगा।

उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी की जनता ने उन्हें सशक्त करने के लिए सात बार विधायक की कुर्सी पर बिठाया। इसके बाद पार्टी ने उन्हें मंत्री की कुर्सी पर बिठाया। ऐसे में विज को सड़क पर उतरकर आमरण अनशन की धमकी देना हैरानी की बात है। चित्रा ने कहा कि जब विकास के लिए सरकार ने करोड़ों रुपये का बजट मंजूर किया तब अनिल विज जी ने छाती ठोक कर कहा था कि मेरा हर काम की फ़ाइल थ्री नोट थ्री की गोली से भी तेज होती है।

आज फिर अनिल विज मुड़कर कर सारी विफलता अफसरशाही पर क्यों मढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता में अब ये आवाज उठ रही है कि ये अनशन काम ना होने की वज़ह से नहीं, अपने दरबारों में अफसर सस्पेंड नहीं कर पाने के लिए हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनशन काम के लिए होना चाहिए न की सस्पेंशन के लिए। चित्रा ने कहा कि एक विधायक का काम पैसा लाना ही नहीं बल्कि उसकी निगरानी करना भी होता है।

# रवि कुंडली ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना


**कुरुक्षेत्र।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले ) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुंडली कुरुक्षेत्र स्थित 52 शक्तिपीठों में से एक हरियाणा की शक्तिपीठ देवीकूप मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे। उन्होने पूजा अर्चना की। उनके साथ रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के कई नेता भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुंडली ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले साहब केंद्र में मंत्री हैं जो कि हर वर्ग की समाज की बातों को सुनकर न्याय दिलाने का कार्य करते रहते हैं।

# धरोहर संग्रहालय हरियाणवी संस्कृति का द्योतक : डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी

- कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के योगदान को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्वविद्यालय के धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करते हुए हरियाणा साहित्य एवं साहित्य अकादमी के हिन्दी प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणवी संस्कृति का द्योतक है जो युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने व उससे जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। हरियाणवी लोक कला एवं समृद्ध संस्कृति की पहचान यहां का पहनावा, खान-पान एवं रीति-रिवाज है। उन्होंने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को धरोहर हरियाणा संग्रहालय के माध्यम हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण में अहम योगदान की सराहना की। इस अवसर पर हरियाणा साहित्य एवं साहित्य अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. सीडीएस कौशल ने कहा कि अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़कर ही हम अपनी युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर कर सकते हैं। केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय भी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कार से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय पूरे विश्व में हरियाणवी संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया एवं धरोहर क्यूरेटर डॉ. कुलदीप आर्य मौजूद रहे।


**अंबाला।** बाल भवन में निर्माणा कार्य का निरीक्षण करते प्रतिनिधि व अधिकारी।

# सेवानिवृत प्रधानाचार्या 1.80 लाख के गबन में चार्जशीट

**सेवानिवृत प्रधानाचार्या से 15 दिनों में लिखित रूप में स्पष्टीकरण मांगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नग्गल से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या को 1.80 लाख के गबन मामले में चार्जशीट किया गया। वह करीब पांच माह पहले सेवानिवृत्त हुई थी। उनको नियम सात के तहत चार्जशीट किया गया है। यह कार्रवाई हरियाणा सिविल सेवा (दंड और अपील) नियम, 2016 के नियम-7 के साथ हरियाणा सिविल सेवा (पेंशन) नियम 2016 के नियम 12 (2) (बी) के तहत की गई है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या से 15 दिनों की अवधि में लिखित रूप में स्पष्टीकरण या बचाव के पक्ष में उनसे जवाब मांगा गया है। नग्गल के पूर्व अध्यापक दीपक कोहली ने 2022 सीएम विंडो पर इस मामले के संबंध में शिकायत की थी।

कोहली ने बताया कि इस मामले की तब बीईओ की कमेटी ने जांच की थी लेकिन कमेटी ने यह लिखा था कि वहां कमियां पाई गई लेकिन उनका पूरा जिक्र नहीं किया था। इसके बाद निदेशालय ने डीईओ को जांच के निर्देश दिए थे। तब डीपीसी, एसडीओ, अकाउंट अधिकारी ने मामले की जांच की थी। जांच में दो लाख की रिकवरी छह साल का ब्याज निकाला था।

उन्होंने बताया कि वह अनुबंध पर जून 2013 से स्कूल में कार्यरत थे। बाद में उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थी।

### 210 दिव्यांग बच्चों को मिला सुनने का वरदान

**करनाल।** हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति पंचकूला, हरियाणा के करनाल में माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में, स्वरूप चैरिटेबल फाउंडेशन नई दिल्ली और इबरो प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी ने मिलकर दिव्यांग बच्चों के लिए सुनाई जांच शिविर कैंप लगाया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि 210 बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित किए गए, जिससे उनकी सुनने की क्षमता में सुधार होगा। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के डायरेक्टर ग्रहम कार्टर, सिटी मजिस्ट्रेट करनाल मोनिका, केंद्र के सहायक निदेशक दिनेश, मुनीष अरोड़ा, यशपाल सिंह, सुरेश पिलोई और सभी स्टाफ सदस्य शामिल थे। यह कार्यक्रम यह भी दर्शाता है कि समाज में ऐसे लोग और संगठन है जो जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### उपायुक्त ने की एनआईसी कार्यालय में मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम की शुरुआत

# नागरिकों के साथ छात्रों को भी मिलेगी तनाव से मुक्ति : पार्थ

- शिक्षकों को दो चरणों में दिया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुशहाल रहें इसके दृष्टिगत मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम की शुरुआत की है। हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से जूझ रहा है जोकि पूर्ण रूप से खुश न रहने का कारण है। इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है ताकि लोग स्वस्थ और मन से खुशहाल बन सकें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता वीरवार को एनआईसी कार्यालय अंबाला शहर के सभागार में आयोजित मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम की शुभारंभ करने पहुंचे थे। उन्होंने वहां पर उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और विशेषज्ञों को मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि इस प्रोग्राम का पहला चरण स्कूलों के बच्चों पर केंद्रित रहेगा, जिसके तहत आज से ही शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दो चरणों में दिया गया है ताकि वे छात्रों को न केवल शैक्षिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बना सके। इसके बाद लोगो को तनावमुक्त व खुशहाल बनाने को लेकर इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मेंटल हैप्पीनेस प्रोग्राम के दृष्टिगत पीजीआईएमईआर मनोचिकित्सक विभाग प्रो. ललित और प्रो. असीम मेहरा ने शिक्षकों को मेंटल हैल्थ से जुड़ी आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मानसिक रूप से खुश और तनावमुक्त रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान शिक्षकों को बताया गया कि छात्रों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए, उनके मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखा जाए, और उन्हें सकारात्मक माहौल कैसे प्रदान किया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों को यह भी समझाया गया कि वे छात्रों के साथ फ्रैंडली व्यवहार कैसे विकसित कर सकते हैं और उन्हे खुशहाल माहौल कैसे प्रदान कर सकते हैं उस बारे उन्हें जानकारी दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए मानसिक विश्लेषण के दृष्टिगत एक विशेष क्वीज आयोजित करवाई जाए ताकि उसके माध्यम से यह पता लग सके कि यदि कोई छात्र किसी कारणवश मानसिक रूप से परेशान तो उसकी समस्या को जानते हुए उसकी मनोवैज्ञानिक से काउंसलिंग करवाते हुए उसकी इस परेशानी को दूर किया जाए। मैंटल हैल्थ प्रोग्राम को चलाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि यदि कोई तनाव या अन्य किसी परेशानी से जुझ रहा है तो उसकी समस्या को जानते हुए उसे दूर किया जा सके।


**अंबाला।** प्रोग्राम की शुरुआत पर मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसीयूटी रवि मीणा, नगराधीश पूजा कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डॉ. सुखप्रीत, अध्यापकगण, भारतीय योग संस्थान, राष्ट्रीय सामाजिक संघ के प्रतिनिधि के साथ-साथ अध्यापकगण व अन्य मौजूद रहे।